# विद्यालयों का निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी





**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 9 अप्रैल।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा गुरुवार को विकासखण्ड कोलारस एवं पिछोर के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास धीरेन्द्र जादौन, डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार, आजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. अरविंद भार्गव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर चौधरी ने विकासखण्ड कोलारस अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय पड़ोरासड़क का निरीक्षण किया। विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्य कुसुम नरवरिया को अध्यापन कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षक सरिता जैन के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय के फर्श सुधार एवं शौचालय के ऊपर शेड निर्माण कराने के निर्देश भी दिए गए।

विकासखण्ड बदरवास अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय टीलाकलां के निरीक्षण के दौरान भी विद्यार्थियों की कम उपस्थिति एवं अध्यापन कार्य में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की।

ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह राणा के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा संबंधित सीएसी एवं बीआरसीसी को हटाने के निर्देश दिए गए। एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीरा के निरीक्षण में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

जिस पर प्राचार्य एम.एल. चौधरी के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम वीरा में आधार शिविर आयोजित कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चौधरी ने उप तहसील खोड़ में नायब तहसीलदार के अनुपस्थित पाए जाने पर एसडीएम को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से उपतहसील में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस दौरान उन्होंने ग्राम गणेशखेड़ा स्थित सीएम राईज स्कूल के निर्माणाधीन कार्य को भी देखा।

# छात्र हर्षित कुशवाह ने प्रदेश के पटल पर फहराया परचम




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 9 अप्रैल।** वीरगाथा परियोजना 5.0 जो इनीशिएटिव गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया गया था.

इसमें प्राथमिक विद्यालय ईश्वरी के छात्र हर्षित कुशवाह कक्षा-4 ने ड्राइंग जनपद शिक्षा केंद्र का नाम प्रदेश पटल पर रोशन किया है। पूर्व सत्र में भी मध्य प्रदेश से एकमात्र छात्रा कु.रागिनी जाटव जो शासकीय प्राथमिक विद्यालय टपरिया देहरदागणेश में कक्षा-5 में अध्यनरत थी वीरगाथा परियोजना में विजेता होकर बदरवास विकासखंड का नाम प्रदेश के पटल पर रोशन किया हैं. बीआरसी तोमर के अनुसार वीरगाथा परियोजना वर्ष 2020-21 में लागू की गई थी. रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से लॉन्च किया गया था. यह परियोजना देश के सभी राज्य एवं केंद्र शासित राज्यों में लागू की गई । इस शानदार उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव राठौर, डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र दफेदार सिंह सिकरवार, एपीसी उमेश करारे, अतर सिंह, हरीश शर्मा मुकेश पाठक द्वारा बदरवास की पूरी टीम को बधाई दी गई।

# देर रात शिवपुरी, श्योपुर के कलेक्टर बदले

**ग्वालियर, 9 अप्रैल.** राज्य शासन ने आज देर रात 13 जिलों के कलेक्टर बदले दिये हैं. इनमें श्योपुर और शिवपुरी के कलेक्टर भी शामिल हैं।

श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा को शिवपुरी का कलेक्टर बनाया गया है। जबकि सुश्री शीला दायमा को श्योपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी को नर्मदा घाटी विकास व जल संसाधन में अपर सचिव बनाया गया है। इसके अलावा भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह अब मुख्यमंत्री के सचिव होंगे. देर रात जारी सूची में जिन अन्य जिलों के कलेक्टर बदले गये हैं उनमें रीवा, उमरिया, बैतूल, धार, नर्मदापुरम, मंडला सागर, सिवनी, झाबुआ, मैयर और दमोह शामिल हैं.

# सख्त हुए विधायक, अब होगा विधानसभा में हिसाब-किताब

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 9 अप्रैल।** शहर के विकास कार्यों में हो रही देरी और नगर पालिका की सुस्त कार्यप्रणाली के खिलाफ विधायक देवेंद्र जैन ने अब खुला मोर्चा खोल दिया है। 'एक्शन मोड' में आए विधायक ने साफ चेतावनी दी है कि जनता के हितों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि जिम्मेदारों ने काम में तेजी नहीं लाई, तो वे इस पूरे मामले को विधानसभा में उठाकर सरकार से जवाब मांगेंगे।

दरअसल, विधायक देवेंद्र जैन ने मार्च 2024 में ही कायाकल्प 2.0 योजना के तहत शहर के सभी 39 वार्डों के लिए 3.52 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत कराई थी। उनका उद्देश्य साफ था—हर गली और सड़क को पक्का कर शिवपुरी को बेहतर बुनियादी ढांचा देना। शुरुआती दौर में 23 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा भी हुआ, लेकिन शेष 16 सड़कों के काम नगर पालिका की लापरवाही और ठेकेदारों की उदासीनता के कारण अधर में लटक गए। सबसे बड़ी बात यह है कि विधायक ने अपनी ही सरकार के स्थानीय सिस्टम के खिलाफ खड़े होकर जनहित को प्राथमिकता दी है। उन्हें जानकारी मिली कि ठेकेदारों के भुगतान में भेदभाव और देरी हो रही है, जिससे काम प्रभावित हुआ। खासकर वार्ड क्रमांक 8 महल कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गए। इस पर विधायक ने न केवल अधिकारियों को फटकार लगाई, बल्कि अब उच्च स्तर पर लड़ाई लड़ने का निर्णय भी लिया है। विकास कार्यों में बाधा बनने वाले प्रमुख कारणों में ठेकेदारों की लापरवाही, नगर पालिका की धीमी कार्यप्रणाली और स्थानीय स्तर की राजनीति शामिल रही। कई फर्मों ने टेंडर लेने के बाद काम शुरू ही नहीं किया, जबकि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। हालांकि अब हालात बदलते नजर आ रहे हैं। विधायक के लगातार दबाव के चलते नगर पालिका ने लापरवाह ठेकेदारों के टेंडर निरस्त कर दिए हैं और नई टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**इनका कहना है...**



मैंने दो साल पहले ही बजट स्वीकृत करवा दिया था। जनता के प्रति मेरी जिम्मेदारी है। यदि काम में लापरवाही हुई तो मैं विधानसभा में मुद्दा उठाकर सीधे जवाब मांगूंगा।

**देवेन्द्र जैन, विधायक शिवपुरी**

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचे कलेक्टर,पोषण पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 9 अप्रैल।** पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। पोषण पखवाड़े का शुभारंभ जिले में भी किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। इस शुभारंभ के अवसर पर कोलारस एवं पिछोर के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी भी पहुंचे।

पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास धीरेन्द्र जादौन, डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार, आजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. अरविंद भार्गव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र पडोरा में बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इसके पश्चात आंगनवाड़ी केन्द्र धर्मपुरा का निरीक्षण कर पोषण पखवाड़े के संबंध में जानकारी ली तथा केन्द्र की छत की मरम्मत कराने एवं शौचालय में जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में पौधरोपण कराने के लिए भी निर्देशित किया। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित स्व-सहायता समूहों के विरुद्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

आंगनवाड़ी केन्द्र वेरघाट में आयोजित पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए कलेक्टर ने बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने, 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों से जोड़ने तथा नियमित रूप से उनका वजन लेने के निर्देश दिए। ग्राम वीरा में आधार शिविर आयोजित करने तथा परिसर में हरी सब्जियों एवं सहजन के पौधों का रोपण करने के निर्देश भी दिए गए।

विकासखण्ड पिछोर अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र खोड़ के निरीक्षण के दौरान एक बालिका का वजन कम पाए जाने पर आवश्यक पोषण प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक महिला को स्व-सहायता समूह के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने एवं उसे गरीबी रेखा सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम दरगवां के आंगनवाड़ी केन्द्र में कलेक्टर ने बच्चों के पोषण, अभिभावकों की जागरूकता तथा प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र में वर्णमाला, गिनती एवं पहाड़े लिखवाने जैसी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के लिए कहा। कलेक्टर चौधरी ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं एवं उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# नाहरसिह बाबा मंदिर पर मेले में भक्तों का उमड़ रहा है जनसैलाब





**नवभारत न्यूज**

**नरवर,09अप्रैल।** नरवर जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सोनहर के नाहरसिह बाबा मंदिर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन ग्राम पंचायत सोनहर के सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी द्वारा आयोजित किया गया है युक्त मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों द्वारा भाग लिया जा रहा है तथा प्राचीन ऐतिहासिक नाहरसिह बाबा के दर्शन कर धर्मलाभ अर्जित किया जा रहा है युक्त मेले में झूला ,खेल खिलौना, बर्तन ,चा, आइसक्रीम ,कुल्फी मनिहारी आदि की दुकानों से ग्रामीणों ने खूब सामान खरीदा एवं मेले का आनंद लिया जा रहा है, युक्त मेले में अखिल भारतीय नाल ,दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन आयोजक समिति सोनहर सरपंच प्रीति भोला फौजी एवं जनवेदसिह, किशन सिंह, शिवराज सिंह, हरिओम जनपद सदस्य, पंजाब सिंह गुर्जर, रामअवतार सिंह सिकरवार, गोपालसिह बेस ,लखन सिंह वैस, भूपेंद्र सिंह गुर्जर ,उदयभान सिंह ,साहब सिंह गुर्जर, अजमेर सिंह वैस, प्रतिपाल सिंह ने नरवर जनपद क्षेत्र से आए मंचासीन अतिथियों को माला पहनाकर एवं शोल उड़ाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह बघेल एवं सरपंच निरूआ जगराम प्रजापति ,सावोली सरपंच मुनेश फौजी, बरखाडी सरपंच वीरेंद्र सिंह बघेल, गनियार सरपंच राजेंद्र सिंह कुशवाहा, छिरारी सरपंच हरिसिंह गुर्जर, मंगल सिंह मास्टर, राजू पालीवाल, धीरज गुप्ता अध्यक्ष जन भागीदारी समिति नरवर ,राजेंद्र सिंह फौजी, राजेंद्र सिंह रावत पूर्व जनपद अध्यक्ष, किशन सिंह रावत भाजपा नेता, विजेंद्र सिंह बघेल सरपंच केखोदा ,राकेश शर्मा आदि अतिथियों को फूल माला पहनाकर एवं सोल ओढ़ाकर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया युक्त मेले में नाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सचिन सिंह गुर्जर सीहोर द्वारा 121 किलो का नाल उठाने पर 9100 सौ के पुरस्कार से एवं द्वितीय पुरस्कार विजेता शैलू कांकर द्वारा 105 किलो का नाल उठाने पर 1100 से सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किए गए तथा वही मुगद्दर प्रतियोगिता में प्रथम विजेता विनोद रायपुर ग्वालियर को 1100 द्वितीय मुगद्दर विजेता पहलवान शैलू राजावत कांकर को 500 का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया विदित हो युक्त तीन दिवसीय मेले के आज आखिरी दिवस दंगल कुश्ती पहलवानो को प्रथम पुरस्कार 11000 रुपये द्वितीय पुरस्कार विजेता को 5100 एवं तृतीय पुरस्कार विजेता पहलवान को 3100 रुपए मुख्य अतिथि भितरवार विधायक मोहनसिह राठौर एवं अतिथि शिवपुरी भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा पोहरी, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती पोहरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव शिवपुरी, नरवर जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गौरव पाल ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपालसिह पाल, नगर परिषद नरवर अध्यक्ष श्रीमती पद्ममा संदीप माहेश्वरी द्वारा विजेता पहलवानों को आज सम्मानित किए जाएंगे युक्त मेले का आयोजन ग्राम पंचायत सोनहर सरपंच श्रीमती प्रीति भोला फौजी द्वारा तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है।

# 2 साल बाद मिली नाबालिग,पुलिस को बड़ी सफलता




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 9 अप्रैल।** थाना कोतवाली पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब दो वर्ष से अपहृत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी नवीन राठौर (उम्र 22 वर्ष) निवासी तालाब के पार के नीचे मनियर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, 22 दिसंबर 2024 को फरियादिया ने अपनी नाबालिग पुत्री के घर (इंडस्ट्रियल एरिया, शिवपुरी) से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। बालिका के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अपराध क्रमांक 792/24 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बालिका की तलाश तेज की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोहित दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार सर्चिंग की गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ और साइबर सेल की मदद से लगातार लोकेशन ट्रेसिंग की। आखिरकार 09 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने नानाखेड़ी, जिला गुना (मध्य प्रदेश) से बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 87, 64(2एम), 65(1) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 और 5/6 का इजाफा किया गया।

पुलिस ने आरोपी नवीन राठौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं, बरामद की गई बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रोहित दुबे, उप निरीक्षक भावना राठौर, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण त्रिवेदी, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र परिहार (क्रमांक 374), प्रधान आरक्षक अवतार सिंह (क्रमांक 890), प्रधान आरक्षक जितेन्द्र रायपुरिया (क्रमांक 489), प्रधान आरक्षक विनय सिंह (क्रमांक 570), आरक्षक आलोक व्यास (साइबर सेल), आरक्षक पदमचंद मांझी (एसडीओपी कार्यालय शिवपुरी), महिला आरक्षक मोनिका धाकड़ एवं महिला आरक्षक रचना राणा की विशेष भूमिका रही।

# नालियों के ऊपर रखा सामान हटवाया, वसूला जुर्माना



**मुरैना/जौरा, 9 अप्रैल।** नगरपालिका जौरा के मदाखलत दस्ते द्वारा लगातार दूसरे दिन नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर नाले-नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाए गए।

इस दौरान नालियों के ऊपर सामान रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। सीएमओ वीरेन्द्र रावत, सफाई दरोगा महेश त्यागी, नीरज गौड़, जौरा थाने के एसआई नरेन्द्र कुशवाह, प्र.आर. रामलखन शर्मा आदि की टीम ने गुरूवार को तिकोनिया पार्क से अभियान शुरू किया गया। बुधवार को कार्रवाई के दौरान जहां दुकानदारों का सामान जब्त किया गया, तो वहीं गुरूवार को नालियों के ऊपर सामान रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब दो दर्जन दुकानदारों से जुर्माने के रूप में 7 हजार रूपये की राशि वसूली गई।

# निरार माता के मेले में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, दिनभर बने रहे जाम के हालात



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 9 अप्रैल।** अंचल सहित आसपास के क्षेत्र में आंखों की डॉक्टर के नाम से पहचाने जाने वाली निरार माता के मंदिर पर 8 अप्रैल से शुरू हुए वार्षिक मेले के दूसरे दिन गुरूवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचें। श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने से जौरा से निरार मंदिर तक जाने वाली रोड पर दिनभर चक्काजाम के हालात बने रहे।

निरार माता मंदिर पर आयोजित होने वाले इस 6 दिवसीय मेले में ग्वालियर-चंबल अंचल सहित दिल्ली, आगरा सहित दूरस्थ स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मातारानी के दर्शन करने पहुंच रहे है। पहाड़गढ़ के जंगल में स्थित इस मंदिर में वैशाख माह की पंचमी से दशमी तक मेले का आयोजन होता है, इस दौरान भजन-कीर्तन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व रहता है। मान्यता है कि माता रानी के दरबार में दर्शन करने और भभूत लगाने से चर्म रोगों के साथ आंखों से संबंधित बीमारियों में भी लाभ मिलता है। श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर नेजा चढ़ाते हैं और कन्या भोज का आयोजन करते है। मेले के दौरान नवजात बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन्न कराए जाते है।

### माता के प्रसाद तेंदू फल की बिक्री रही जोरों पर

निरार माता मंदिर पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए जंगली इलाकों में पाया जाने वाला तेंदू फल मातारानी की प्रसादी माना जाता है। यहां पहुंचनें वाले श्रद्धालु तेंदू फल खाते हैं और अपने परिजनों के लिए खरीदकर भी ले जाते है। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते गुरूवार को मेले में तेंदू फल की बिक्री जोरदार देखने को मिली।

# केमाराकलां पंचायत सचिव फर्जी राशि आहरण की निलंबित

**सबलगढ़, 9 अप्रैल।** सबलगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कैमाराकलां के तत्कालीन सचिव रामस्वरूप रावत को फर्जी तरीके से राशि आहरण पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश भार्गव द्वारा निलंबित किया गया है पंचायत सचिव रामस्वरूप रावत द्वारा मनरेगा योजनांतर्गत 16 जॉब कार्डों पर कुल ?2,63,696 की राशि फर्जी तरीके से आहरण करने के गंभीर आरोप है इस प्रकरण में संलिप्त पाए जाने पर तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक बबलू जाटव को भी शासकीय कार्य से विरत किया गया है ।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस एवं विश्व शांति मंगल पाठ उच्चारण पर करेरा में आयोजन

## णमोकार पैंतीस दीप महाअर्चना के साथ कार्यक्रम हुआ संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**करैरा, 9 अप्रैल।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस एवं विश्व शांति मंगल पाठ उच्चारण के पावन अवसर पर करेरा नगर में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्म का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण मंत्रमुग्ध एवं भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल मंगलाचरण के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नवकार महामंत्र का उच्चारण कर आत्मशुद्धि एवं विश्व शांति की मंगल कामना की। आयोजन में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण एवं सराहनीय सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण णमोकार पैंतीस दीप महाअर्चना रहा, जिसमें णमोकार महामंत्र के 35 बीजाक्षरों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य एवं दिव्य अर्चना की गई। इस अलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा परिसर श्रद्धा, आस्था एवं प्रकाश से आलोकित हो उठा। यह संपूर्ण आयोजन पंडित दीपक जैन शास्त्री एवं उनकी संगीतमयी टीम के सानिध्य एवं कुशल निर्देशन में विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। साथ ही यह भव्य आयोजन सास-बहू साड़ी सेंटर के संचालक आशीष रानू जैन के सौजन्य से कच्ची गली, गुलंवर स्थित उनके प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया, जिसके लिए समाज जनों ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने अपने उद्बोधन में नवकार महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महामंत्र आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं जीवन में संतुलन प्रदान करता है। नियमित जाप से व्यक्ति में संयम, सहनशीलता एवं सद्भावना का विकास होता है, जो एक सुसंस्कृत एवं श्रेष्ठ समाज के निर्माण में सहायक है। कार्यक्रम के समापन पर मंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।


**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI MAGRONI Distt. SHIVPURI**

No/Nirman//25-26/07 Magroni Dated: - 07.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER (IInd call)**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for: **Tender Number : 2026_MPSAM_498528** (PAC amount Rs. 69.38 Lakh) Construction of Trolly Shed (50x14 Mtr.) at Mandi Yard Magroni & Sub mandi Yard Narwer Distt. Shivpuri. The following works Tender to be received online up to **17:00 on 27.04.2026**. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note:** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

Secretary